# भारत ने मालदीव को दी सौगात

## राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं का उद्घाटन किया



राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए रनवे का उद्घाटन किया

अर्चिस मोहन

ऋण संकट और चीन से लिए गए कर्ज को चुकाने में जूझ रहे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को हिंद महासागर द्वीपसमूह को आर्थिक सहायता की पेशकश के लिए भारत का आभार जताया है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी बातचीत के लिए हामी भरी है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण (मालदीव्स मॉनिटरी अथॉरिटी) के बीच सोमवार को मुद्रा विनिमय व्यवस्था (करेंसी स्वैप) को लेकर एक समझौता हुआ है। वर्ष 2024-47 के लिए सार्क मुद्रा विनिमय ढांचा के अंतर्गत दोनों पक्षों के बीच इस समझौते पर हुस्ताक्षर हुए हैं। नई दिल्ली में हुए समझौते के अनुसार मालदीव को 40 करोड़ डॉलर तक अमेरिकी डॉलर/यूरो मुद्रा विनिमय विकल्प और भारतीय रुपया विनिमय विकल्प के तहत 30 अरब रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह व्यवस्था 18 जून 2027 तक प्रभावी रहेगी। सार्क मुद्रा विनिमय ढांचा 15 नवंबर, 2012 को अस्तित्व में आया था। इसका मकसद भुगतान संकट या विदेशी मुद्राओं की कमी का सामना कर रहे सार्क के सदस्य देशों को अल्प अवधि के लिए विदेशी मुद्रा उपलब्ध कराना है। एक अधिक वित्तीय व्यवस्थाएं स्थापित होने तक यह ढांचा फिलहाल काम करता रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव में रुपे कार्ड भी जारी किया। इसके अलावा हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई। मोदी ने कहा, 'आने वाले समय में हम भारत और मालदीव को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) से जोड़ने की दिशा में भी काम करेंगे।'

मालदीव का कर्ज उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 110 फीसदी होने का अनुमान है। इस साल की शुरुआत में भारत ने मई और सितंबर में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए10 करोड़ डॉलर ट्रेजरी बिल को एक साल के लिए बढ़ाने की सहमति देकर मालदीव की मदद की थी। हैदराबाद हाउस में मोदी के साथ बातचीत के बाद मुइज्जू ने कहा, 'मैं 40 करोड़ डॉलर तक अमेरिकी डॉलर विनिमय विकल्प और भारतीय रुपया विनिमय विकल्प के तहत 30 अरब रुपये वित्तीय सहायता प्रदान करने के भारत सरकार का आभारी हूं, इससे हमारी मदद होगी।' हालांकि, बाद में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि याराना जारी रहेगा। ऋण संकट गहराने के चलते मालदीव के राष्ट्रपति को भारत से संपर्क करना पड़ा है। भारत यात्रा के दिन करीब आने के साथ ही मुइज्जू ने कहा कि उन्होंने भारत का प्रतिरोध कभी नहीं किया और भारत यह समझता है कि उनका देश किस तरह के वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहा है और यह मदद करने के लिए इच्छुक भी है। जनवरी में दोनों देशों के संबंधों में खटास तब बढ़ गई जब मालदीव के एक उप मंत्री ने सोशल मीडिया पर मोदी का मजाक बनाया जिसके बाद प्रतिक्रिया के तौर पर कई सेलेब्रिटी सहित भारतीयों ने इस द्वीप के पर्यटन क्षेत्र का बायकॉट करने की अपील करनी शुरू कर दी।

भारत के विदेश सचिव ने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध कई अहम स्तंभों पर टिके हैं। जब विदेश सचिव से मुद्रा की अदला-बदली समझौते के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, 'विचार यह है कि मालदीव के विदेशी मुद्रा भंडार को संभाला जाए और इसके मौजूदा विदेशी विनिमय में आत्मविश्वास लाने की जरूरत है।'

दोनों पक्ष थाइलाफुशी द्वीप पर एक व्यावसायिक बंदरगाह का विकास करने के लिए सहयोग करने पर सहमत हो गए हैं जहां से बढ़े हुए कार्गो का प्रबंधन किया जाएगा ताकि माले बंदरगाह की भीड़ छंट सके। दोनों नेताओं ने ट्रांसशिपमेंट सुविधा के विकास के लिए भी सहयोग करने पर सहमति जताई है। उन्होंने हनीमाधु और गैन हवाईअड्डे की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति जताई है जिन्हें भारत के सहयोग से तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा 'कृषि आर्थिक क्षेत्र' स्थापित करने के साथ ही हा धालु में पर्यटन निवेश और हा अलिफु में भारत के सहयोग से फिश प्रोसेसिंग संयंत्र भी बनाया जाना है। दोनों नेताओं ने मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता की पहल करने पर भी सहमति जताई।

### भारत और मालदीव के बीच करार

- भारत और मालदीव ने रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने के मकसद से सोमवार को 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली को लेकर समझौता किया
- बंदरगाह, सड़क नेटवर्क, स्कूल और आवास परियोजनाओं के निर्माण के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में रुपे कार्ड भी जारी किया
- हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नए रनवे का उद्घाटन किया और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई
- दोनों देश 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए एक दृष्टिकोण' पर भी सहमत हुए
- भारत ने मालदीव को 70 सामाजिक आवास भी सौंपे

दोनों देश 'कृषि आर्थिक क्षेत्र' की स्थापना, हा धालू एटोल और मछली प्रसंस्करण में पर्यटन निवेश को लेकर भी सहमत हुए

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में किसकी सरकार

# आज खत्म हो जाएगा इंतजार



अर्चिस मोहन

**लगभग** सभी एग्जिट पोल में इस बार हरियाणा में कांग्रेस की जीत के अनुमान लगाए गए हैं और इस बीच पार्टी की सिरसा से सांसद कुमारी शैलजा ने सोमवार को मतगणना की पूर्व संध्या पर इशारों-इशारों में कहा कि वह प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में हैं। उन्होंने कहा, 'सभी की आशा और उम्मीदें हैं, जो लोगों के बीच हैं और आलाकमान भी इससे अवगत है।' हालांकि, उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान का फैसला की अंतिम होगा। वहीं, कांग्रेस नेता और प्रदेश के साल 2005 से 2014 तक मुख्यमंत्री रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वह न तो थके हैं और न ही संन्यास ले रहे हैं और मुख्यमंत्री के नाम पर आलाकमान जो भी फैसला करेगा वह सभी को मंजूर होगा।

वहीं जम्मू-कश्मीर के बारे में एग्जिट पोल में त्रिशंकु विधान सभा की संभावना जताई गई है, जिसमें कहा गया है नैशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन बहुमत का आंकड़ा छूने से थोड़ा पीछे रह सकता है। मतगणना की पूर्व संध्या पर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस केंद्र शासित प्रदेश में कांग्रेस-नैशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन के पक्ष में लोगों के फैसले को नकारने के लिए सत्ता का गलत इस्तेमाल कर दुर्भावनापूर्ण कदम उठा रहे ही।

सरकार की गठन में भूमिका निभा सकने वाले उपराज्यपाल द्वारा 5 विधायकों के संभावित नामांकन पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेत्री इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि यह चुनाव परिणामों में धांधली होगी। सरकार बनाने के लिए निर्दलीय और छोटे दलों के महत्त्वपूर्ण होने की संभावनाओं के बीच नैशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि लोक सभा सांसद शेख अब्दुल रशीद का राज्य का दर्जा बहाल होने तक सरकार गठन में देरी करने का सुझाव भाजपा के हाथों में खेल रहा है जो जम्मू में केंद्रीय शासन चाहता है और कश्मीर का विस्तार किया जाएगा।

### हरियाणा की इन सीटों पर रहेगी नजर

- लाडवाः यहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मुकाबला कांग्रेस के विधायक मेवा सिंह से है
- गढ़ी सांपला किलोईः कांग्रेस के भूपेंद्र हुड्डा का मुकाबला भाजपा की मंजू हुड्डा से है। अगर कांग्रेस पार्टी बहुमत का आंकड़ा पाती है तो भूपेंद्र पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भी हो सकते हैं
- डबवालीः पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल के तीन वंशजों के बीच यहां मुकाबला है। कांग्रेस ने मौजूदा विधायक अमित सिहाग चौटाला को जजपा के दिग्विजय सिंह चौटाला और इनेलो के आदित्य देवीलाल के खिलाफ मैदान में उतारा है
- तोशामः हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की विरासत के लिए भाजपा ने श्रुति चौधरी को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी को मैदान में उतारा है
- रानियांः यहां निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतरे रंजीत सिंह का मुकाबला उनके ही परपोते अर्जुन चौटाला से है

### जम्मू-कश्मीर की यह सीट महत्त्वपूर्ण

- गांदेरबलः प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नैशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला यहां से चुनाव लड़े हैं और उनका मुकाबले निर्दलीय उम्मीदवार सर्जन अहमद वागे से हैं। उमर अब्दुल्ला बडगाम से भी चुनावी मैदान में हैं
- श्रीगुफवारा बिजबेहराः पीडीपी की इल्तिजा मुफ्ती यहां से चुनाव लड़ी हैं। वह पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी हैं और उनका मुकाबला बशीर अहमद शाह वीरी से है
- सोपोरः नैशनल कॉन्फ्रेंस के इरशाद रसूल कर के खिलाफ संसद हमले के दोषी अफजल गुरु के भाई ऐजाज अहमद गुरु यहां से निर्दलीय चुनाव लड़े हैं

www.bankofbaroda.in बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बड़ौदा सन टॉवर, मुंबई
निविदा सूचना
बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत में स्थित विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों में सिस्को नेटवर्क हार्डवेयर के वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।
विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड और गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर उपलब्ध है।
'अन्य सूचना', यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड और गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर जारी किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।
**प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर, 2024 है।**
स्थान: मुंबई
दिनांक: 08.10.2024
मुख्य महाप्रबंधक (आईटी)
77/24-25

# वेट्टैयन रिलीज से पहले ब्रांडों पर चढ़ा रजनी, बिग बी का खुमार

शाइन जैकब

**साल** 1983 में आई फिल्म अंधा कानून के जानदार डायलॉग, उसके बाद साल 1985 में आई गिरफ्तार के सुरीले गीत 'आना जाना लगा रहेगा' और फिर 1991 में आई हम के सदाबहार गीत 'जुम्मा चुम्मा दे दे' आज भी हर किसी की जुबान पर है। ये वे फिल्में हैं जो 80 और 90 के दशक के बच्चों को बखूबी याद हैं। इन दो फिल्मों में भारतीय सिनेमा के दो बड़े सुपरस्टार अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने लोगों को अविस्मरणीय यादें दी हैं।

अब इस साल 10 अक्टूबर को फिर से यही एहसास जीवंत होने जा रहा है और हम के रिलीज होने के 33 साल बाद ये दिग्गज एक बार फिर तमिल ऐक्शन थ्रिलर वेट्टैयन में चौथी बार साथ नजर आने वाले हैं। इस बार सिर्फ प्रशंसकों के लिए ही नहीं बल्कि ब्रांडों के लिए भी जश्न का मौका रहेगा। बिस्लेरी, रिलायंस डिजिटल, सैमसंग और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा जैसे ब्रांड ने थलाईवा (रजनी) और बिग बी के खुमार को भुनाने के लिए पहले ही फिल्म निर्माताओं के साथ साझेदारी कर चुके हैं।

इसके अलावा, रजनीकांत की अन्य किसी




फिल्म की तरह ही तमिलनाडु की निजी कंपनियां स्पेशल स्क्रीनिंग कर रही हैं और सिनेमा रिलीज होने के पहले हफ्ते में अपने कर्मचारियों को छुट्टी भी दे रही हैं। लायका प्रोडक्शंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमने पहले से ही बिस्लेरी, रिलायंस डिजिटल और सैमसंग के साथ ब्रांडिंग के लिए करार किया है। साथ ही फिल्म में महिंद्रा एन सीरीज वाहनों का भी विज्ञापन रहेगा।' लायका प्रोडक्शंस के प्रवर्तक श्रीलंका के तमिल उद्यमी सुबास्करन अलीराजा हैं। भले ही रजनीकांत किसी भी ब्रांड का प्रचार नहीं करते हैं, लेकिन वह भारत में सर्वाधिक ब्रांड में से एक हैं। रजनीकांत की पिछली फिल्म जेलर के दौरान भारत की सबसे बड़ी बोतलबंद पानी बेचने वाली कंपनी बिस्लेरी ने सुपरस्टार की तस्वीर वाली लिमिटेड पैक जारी किए थे। आने वाली फिल्म के ट्रेलर में दर्शक रजनीकांत को महिंद्रा की गाड़ी चलाते हुए देख सकते हैं। रजनी की पिछली फिल्मों को रॉयल एनफील्ड, एयरटेल, बुक माय शो, स्पाइसजेट, कैडबरी (मोंडेलेज) जैसे ब्रांडों ने बखूबी भुनाया और सभी ने राष्ट्रीय अभियान तक शुरू किए थे।

### जबदरस्त प्रदर्शन का कारण

बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों से रजनी की लोकप्रियता का अंदाजा लग जाता है। जेलर, अन्नात्थे, दरबार, पेट्टा, 2.0, काला और कबाली जैसी उनकी पिछली सात फिल्मों ने करीब 2,500 से 3,000करोड़ रुपये की कमाई की। इन आंकड़ों में लाल सलाम शामिल नहीं है, जिसमें उन्होंने कैमियो रोल किया था और उसने केवल करीब 17 करोड़ रुपये की कमाई की थी। थियेटर श्रृंखला अब इन दोनों दिग्गजों को साथ आने के मौके को साधने की तलाश में है। पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड के मुख्य कार्य अधिकारी (राजस्व एवं परिचालन) गौतम दत्ता ने कहा, 'पीवीआर आईनॉक्स में हम धमाकेदार ओपनिंग की तैयारी कर रहे हैं और देश भर में 2 हजार से अधिक शो चलाने की हमारी योजना है। दर्शकों के बीच उत्साह जबरदस्त है और हमें असाधारण प्रतिक्रिया मिलने की भी उम्मीद है और संभावना है कि शुरुआती हफ्ते के दौरान ही 7 लाख से अधिक दर्शक पहुंचेंगे।' कारोबार विश्लेषक मनोबाला विजयबालन के मुताबिक, खास बात है कि फिल्म टीजे ज्ञानवेल की है। इससे पहले उनके निर्देशन में आई जय भीम को समीक्षकों से सराहना मिली थी, अब उन्होंने अपना बाजार मूल्य भी बढ़ाया है। विजय बालन ने कहा, 'ट्रेलर आने के बाद रोमांच और बढ़ गया है। जहां-जहां बुकिंग शुरू हो गई है वहां लगभग सभी शो फुल हो गए हैं। वेट्टैयन का सफल होना तय है और इससे ब्रांडों को फायदा मिलेगा तथा व्यापार, उद्योग को भी लाभ मिलेगा।' उल्लेखनीय है कि ब्रांड खुमार के बावजूद रजनी ने अपने पूरे करियर में सिर्फ दो ब्रांडों का ही प्रचार किया है, जो साल 1975 में शुरू हुआ। सबसे पहले उन्होंने 1980 के दशक में तमिलनाडु स्टेट पाम केयर ऐंड फाइबर मार्केटिंग को-ऑपरेटिव फेडेरशन के 100 फीसदी स्थानीय कोला ब्रांड पाम कोला का प्रचार किया था। अभिनेता उस वक्त क्षेत्रीय उद्योग का समर्थन करने के लिए लिए टेलीविजन विज्ञापन में आए थे।

JTEKT

**जेटेक्ट इंडिया लिमिटेड एक नया प्रोडक्शन बेस स्थापित कर रही है**

जेटेक्ट इंडिया लिमिटेड (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर : हितोशी मोगी, इसमें आगे "जेआईएन" कही गई है) जेटेक्ट कार्पोरेशन (हेडक्वार्टर्स : करिया सिटी, ऐची प्रिफेक्चर, जापान, प्रेसिडेंट एवं सीईओ : योशिहितो कोन्डो, इसमें आगे जेटेक्ट कही गई है) का एक हिस्सा है। यह इंडिया में हमारे ऑटोमेटिव पार्ट्स मैन्यूफैक्चरिंग का एक बेस है। भारत के ऑटोमोबाइल बाजार के विकास का हमकदम होने और बाद में अपने कस्टमर्स की बढ़ी मांग पूरी करने के लिए, जेआईएन ने इंडिया में गुजरात राज्य में एक नया प्लांट, जेआईएन का आठवां, लगाने का फैसला किया है।




लगातार बढ़ रहे भारतीय बाजार में, हम अपनी सेल्स का विस्तार करेंगे। इसके लिए विकास के मुताबिक संसाधनों का निवेश करते हुए ऑटो पार्ट्स पर फोकस रखा जाएगा। इंडिया के गुजरात राज्य में हमारे नए प्लांट से, हमें इंडिया में अपने कस्टमर्स की सपोर्ट का विस्तार करने में मदद मिलेगी।

इस नए प्रोडक्शन बेस की स्थापना, लगातार बढ़ रहे भारतीय बाजार में कस्टमर्स को जेटेक्ट सॉल्यूशन्स प्रदान करने की हमारी कोशिश एक हिस्से के तौर पर की जा रही है।

**नई फैक्ट्री का ओवरव्यू**

| | |
|---|---|
| 1. फैक्ट्री का नाम | गुजरात फैक्ट्री |
| 2. निर्माण स्थल (पता) | स्टेट हाईवे नंबर 7, ग्राम-जालीसाणा, सब–डिवीजन-मंडल, जिला-अहमदाबाद |
| 3. नई प्लांट बिल्डिंग के लिए निवेश राशि | 2,500 मिलियन भारतीय रूपये |
| 4. उत्पादन आरंभ (योजना के अनुसार) | वित्तीय वर्ष 2027-28 |
| 5. उत्पादन की आइटम्स | स्टीयरिंग एवं ड्राइवलाइन प्रोडक्ट्स |
| 6. नई फैक्ट्री के लिए भूमि की स्थिति | मौजूदा भूमि (किसी निवेश की जरूरत नहीं) |
| 7. प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति | फैक्ट्री की लेआउट प्लानिंग प्रगति पर है |
| 8. बिल्डिंग निर्माण शुरू होने का समय | सर्दियां (विंटर) वित्तीय वर्ष 2024-25 |

**जेटेक्ट इंडिया लिमिटेड ओवरव्यू**
स्थापना : 1984
पूंजी : 254,280,483 भारतीय रूपये
व्यवसाय आइटम्स : ऑटोमोटिव पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग
कर्मचारियों की संख्या : करीब 3,450 लोग
लोकेशन्स की संख्या : 7 लोकेशन्स - (हेड ऑफिस/गुड़गांव फैक्ट्री, धारूहेड़ा में 3 फैक्ट्रियां, चेन्नई मे 1 फैक्ट्री, बावल में 2 फैक्ट्रियां)

**जेटेक्ट इंडिया लिमिटेड**
(CIN – L29113DL1984PLC018415)
पंजी. कार्यालय : यूजीएफ 6, इंद्रप्रकाश, 21, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली 110001
टेलीफोन नंबर : 011-23311924, 23327205
ई–मेल: investorgrievance@jtekt.co.in; वेबसाइट: www.jtekt.co.in

धन शोधन मामला

# पंजाब के 'आप' सांसद के परिसरों पर छापा

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्य सभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन 'धोखाधड़ी' के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय सांसद के पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। जालंधर में जिन स्थानों पर तलाश ली जा रही है उनमें रियल एस्टेट कारोबारी हेमंत सूद और एक अन्य व्यक्ति चंद्र शेखर अग्रवाल के परिसर भी शामिल हैं। अरोड़ा ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं, मुझे तलाश अभियान की वजह के बारे में पूरी तरह पता नहीं है, एजेंसियों के साथ पूरी तरह सहयोग करूंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि सभी सवालों का जवाब दिया जाए।'

'आप' नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी पार्टी के सांसद एवं कारोबारी के खिलाफ छापे पार्टी को तोड़ने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि लेकिन इसके बावजूद 'आप' सदस्य रुकेंगे नहीं, बिकेंगे नहीं और डरेंगे नहीं।

अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत छापे मारे जा रहे हैं और इनका संबंध जमीन धोखाधड़ी के एक मामले से है। **भाषा**

IDBI BANK **कब्जा नोटिस** नियम 8(1) (अचल सम्पत्ति के लिए)

एतद् द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति-हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अन्तर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तल)नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए नोटिस दिया जाता है। बैंक ने निम्न उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटीदाताओं/ बन्धककर्ता को उनके नामों के सामने दर्शायी गई तारीख को मांग सूचना जारी की कि उपर्युक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर नोटिस में वर्णित राशि को चुकता कर दें। चूंकि वे उपर्युक्त राशि को चुकता नहीं कर पाए, अतः उन्हें और आम जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त (अधिनियम) की धारा 13 (4) क अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता के उसके (उनके) नाम के सामने दर्शायी गई तारीख को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेषकर उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटीदाताओं/ बन्धककर्ता और सामान्य तौर पर आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे ऐसी संपत्ति का सौदा न करें, ऐसी संपत्ति के सौदे पर नीचे वर्णित राशि और उस पर भविष्य के ब्याज व प्रभार आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होंगे।

| | ऋणी/गारन्टर के नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि | कब्जा लेने की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखाः मोदीनगर** **ऋणीः** 1. स्व0 श्री महमूद अली के कानूनी उत्तराधिकारीः श्री आस मौहम्मद पुत्र हाजी महमूद अली, श्री शान मौहम्मद पुत्र हाजी महमूद अली, श्री मंसूर अली पुत्र महमूद अली, श्री महबूब पुत्र हाजी महमूद अली, श्री मकसूद पुत्र हाजी महमूद अली, श्रीमती वकीला पत्नी महमूद अली, श्रीमती आसमा पत्नी नौशाद एवं श्रीमती मुरसलीम पत्नी गुलफाम एवं **2.** श्री आस मौहम्मद पुत्र हाजी महमूद अली। | बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व भूखंड, एवं आवासीय मकान नं0 51 का भाग, माप क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, स्थित रावली रोड, मुरादनगर, परगना एवं तहसील- मोदीनगर, जिला- गाजियाबाद, सीमाएँः- पूर्वः होराम एवं अन्य की सम्पत्ति वर्तमान में हरि किशन की सम्पत्ति, पश्चिमः गयासुद्दीन एवं अन्य का मकान, उत्तरः दरवाजा तत्पश्चात् गली वर्तमान मेन रावली रोड, दक्षिणः शादी एवं अन्य का मकान। | 23.05.2024 | 05.10.2024 | रु0 20,88,449.86 + अतिरिक्त ब्याज एवं आकस्मिक शुल्क दिनांक 01.09.2019 |
| 2. | **शाखाः दिल्ली रोड, मेरठ** **ऋणीः** श्रीमती सरोज पत्नी नागेन्द्र पाल सिंह, प्रोपराइटर मैसर्स कृष्णा इंटरप्राइजेज एवं श्री नागेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री सालवीर सिंह। | बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व भूखंड, एवं आवासीय मकान नं0 74 का भाग, खसरा नं0 538 निर्मित, निर्मित माप 163 वर्ग गज, ग्राम- रोशनपुर डोर्ली, तहसील- सरधना एवं जिला- मेरठ-250002, उत्तर प्रदेश, स्थित राजन कुंज रूड़की रोड, मेरठ एवं सीमाएँः- उत्तरः मकान नं0 73, दक्षिणः मकान नं0 75, पूर्वः मकान नं0 66, पश्चिमः रास्ता तत्पश्चात् हाउसिंग कॉम्प्लेक्स की भूमि। | 08.07.2024 | 05.10.2024 | रु0 8,41,379.29 + अतिरिक्त ब्याज एवं आकस्मिक शुल्क दिनांक 05.10.2023 |
| 3. | **शाखाः दिल्ली रोड, मेरठ** **ऋणीः** श्री असिफ पुत्र मौहम्मद ताहिर एवं श्री ताहिर पुत्र शरीफ। | बंधक अचल सम्पत्ति के सभी भाग व भूखंड, एवं आवासीय मकान /व्यवसायिक सम्पत्ति नं0 183/269, नया 197/4 का भाग, माप क्षेत्रफल 45 वर्ग मीटर, स्थित मुन्नीराबाद पुरवा गुलजारे इब्राहिम, लिसाड़ी रोड, मेरठ। सीमाएँः- पूर्वः पूर्वः सरकारी सड़क, पचिमः रास्ता एवं हाजी अब्दुल अजीज का क्वाटर, उत्तरः शर्फुददीन की चक्की, दक्षिणः रफीक का मकान। | 24.05.2024 | 05.10.2024 | रु0 35,39,002.42 + अतिरिक्त ब्याज एवं आकस्मिक शुल्क दिनांक 10.12.2023 |

उस पर सभी संरचनाएँ के साथ मिलकर वर्तमान एवं भविष्य दोनों की संरचनाएं और निर्मिण।

दिनांकः– 07.10.2024 स्थान – मेरठ प्राधिकृत अधिकारी आईडीबीआई बैंक